बिहार विधान परिषद् कोशी स्नातक निर्वाचन : कटिहार में मतदान आज, प्रशासनिक तैयारियां पूरी

20 मतदान केंद्रों पर 10977 मतदाता डालेंगे वोट

कटिहार। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत 06-कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन हेतु कटिहार जिले में मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।मतदान की तिथि= 23 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार),मतदान का समय= पूर्वाह्न 08ः00 बजे से अपराह्न 04ः00 बजे तक। मतगणना= 27 अक्टूबर 2026 निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने की अंतिम तिथि= 31 अक्टूबर 2026 ।जिले में कुल 20 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 10,977 स्नातक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे ।पुरुष मतदाता= 8,424 ,महिला मतदाता= 2,553 अन्य= 0 ,मतदान केंद्रवार मतदाता,80-फलका प्रखंड= 425 (पुरुष= 344 7 महिला= 81)। 81-समेली प्रखंड= 462 (पुरुष= 359 7 महिला= 103) ।82-कुर्सेला प्रखंड= 320 (पुरुष= 231 7 महिला= 89) ।83-बरारी प्रखंड= 800 (पुरुष= 677 7 महिला= 123) ।83-बरारी प्रखंड= 643 (पुरुष= 531 7 महिला= 112) ।84-कोढ़ा प्रखंड= 849 (पुरुष= 672 7 महिला= 177) ।85-नगर निगम कार्यालय (उत्तर भाग)= 1,017 (पुरुष= 635 7 महिला= 382)। 85-नगर निगम कार्यालय (उत्तर मध्य भाग)= 1,019 (पुरुष= 735 7 महिला= 284) ।86-नगर निगम कार्यालय (दक्षिण भाग)= 963 (पुरुष= 661 7 महिला= 302) ।87-जिला कृषि कार्यालय कटिहार= 335 (पुरुष= 249 7 महिला= 86) ।88-हसनगंज= 178 (पुरुष= 139 7 महिला= 39) ।89-डंडखोरा= 240 (पुरुष= 195 7 महिला= 45) ।90-कदवा= 607 (पुरुष= 497 7 महिला= 110) ।91-बलरामपुर= 259 (पुरुष= 223 7 महिला= 36) ।92-बारसोई= 416 (पुरुष= 358 7 महिला= 58) ।93-आजमनगर= 261 (पुरुष= 220 7 महिला= 41) ।94-प्राणपुर= 410 (पुरुष= 289 7 महिला= 121) ।95-मनसाही= 418 (पुरुष= 332 7 महिला= 86) ।96-मनिहारी= 1,000 (पुरुष= 760 7 महिला= 240) ।97-अमदाबाद= 355 (पुरुष= 317 7 महिला= 38) ।मतदान केंद्र पर पहचान सत्यापित करने के लिए मतदाता इनमें से कोई एक मूल दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं =आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस,पैन (क्रह) कार्ड, भारतीय पासपोर्ट,सरकारी / सार्वजनिक उपक्रम (क्र-) / स्थानीय निकाय या अन्य संस्थाओं द्वारा जारी सेवा पहचान-पत्र,सांसद / विधायक / विधान पार्षद को जारी आधिकारिक पहचान-पत्र, संबंधित शैक्षणिक संस्थान द्वारा जारी सेवा पहचान-पत्र,विश्वविद्यालय द्वारा जारी मूल डिग्री या डिप्लोमा प्रमाण-पत्र,सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अथवा यू.डी.आई.डी. (ष्ठ्ठष्ठ) कार्ड (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) ।प्रेक्षक का निर्देश= माननीय प्रेक्षक ने सभी पदाधिकारियों एवं मतदान कर्मियों को आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का निर्देश दिया है न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं (रूख्र)= सभी 20 मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन पूर्ण हो चुका है। केंद्रों पर पेयजल, विद्युत, रैंप आदि मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।



साइन बोर्ड मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी भवनों के बाहर पीले बैकग्राउंड पर काले अक्षरों में मतदान केंद्र का नाम, तिथि एवं निर्वाचकों की संख्या स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जा रही है। सभी सम्मानित स्नातक मतदाताओं से अपील है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।

कोशी स्नातक निर्वाचन के लिए प्रशासन अलर्ट, 8 केंद्रों पर आज होगा मतदान

3554 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश

किशनगंज (आससे)। बिहार विधान परिषद के 06-कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर गुरुवार को जिला प्रशासन ने मतदान कर्मियों एवं पुलिस



पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी-सह-सहायक निर्वाची पदाधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित ब्रीफिंग में स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

जिले के आठ मतदान केंद्रों पर शुक्रवार, 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। यहां कुल 3,554 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 2,898 पुरुष और 656 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान केंद्र टेढ़ागाछ, बहादुरगंज, दिघलबैंक, ठाकुरगंज, पोठिया, कोचाधामन एवं किशनगंज प्रखंड कार्यालयों के अलावा अनुमंडल दंडाधिकारी, किशनगंज के न्यायालय कक्ष में बनाए गए हैं।

जिलाधिकारी ने सभी पीठासीन पदाधिकारियों एवं मतदान कर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस चुनाव में सामान्य लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों से अलग एकल संक्रमणीय मत प्रणाली के तहत अधिमान क्रम में मतदान होगा। ईवीएम के स्थान पर मतपेटी एवं मतपत्र का इस्तेमाल किया जाएगा। मतदान में मॉक पोल नहीं होगा और मतपत्र पर नोटा का विकल्प भी नहीं रहेगा। मतदाता पहचान के लिए आधार कार्ड, मतदाता पहचान से संबंधित निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेजों सहित अन्य स्वीकृत पहचान-पत्रों का उपयोग कर सकेंगे।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने पुलिस पदाधिकारियों को अपने आवंटित क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में स्थानीय पुलिस के सहयोग से तत्काल शांति व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं आने देने और अधिकारियों को समय-समय पर स्थिति की जानकारी देने को कहा।

निर्देश के अनुसार, मतदान के बाद सीलबंद मतपेटियों को पूर्णिया स्थित जिला स्कूल परिसर के वज्रगृह में जमा कराया जाएगा। निर्वाचन की मतगणना 27 अक्टूबर को होगी तथा पूरी निर्वाचन प्रक्रिया 31 अक्टूबर तक संपन्न की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं मतदान कर्मी उपस्थित थे। निर्वाचन नियंत्रण कक्ष= किसी भी सूचना या सुझाव के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06456-225152 पर संपर्क किया जा सकता है।

रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों से सीधा संवाद करेंगे अधिकारी, समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

बारसोई (कटिहार) आससे। रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को होने वाली परेशानियों को जानने और उनके समयबद्ध समाधान के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने एक विशेष पहल शुरू की है। इसके तहत किशनगंज रेलवे स्टेशन पर 'रेल जन संवाद' कार्यक्रम



का आयोजन किया गया, जहाँ रेलवे अधिकारियों ने सीधे यात्रियों के बीच पहुँचकर उनकी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सुने।

सहायक वाणिज्य प्रबंधक निशांत कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में वाणिज्य निरीक्षक हरि ओम कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों से बातचीत कर स्टेशन पर मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं, यात्रा के दौरान पेश आने वाली दिक्कतों और सेवा विस्तार की जरूरतों पर चर्चा की। इस दौरान कई यात्रियों ने कुछ प्लेटफॉर्मों पर शौचालय की समुचित व्यवस्था न होने का मुद्दा उठाया, जिस पर अधिकारियों ने जल्द से जल्द सुविधाएं बढ़ाने का आश्वासन दिया।

सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने बताया कि %रेल जन संवाद% का प्राथमिक उद्देश्य यात्रियों की आवाज को सीधे रेल प्रशासन तक पहुँचाना और उनकी समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। इस पहल के माध्यम से यात्रियों की वास्तविक जरूरतों को समझकर सेवाओं को और अधिक सुगम व सुविधाजनक बनाया जा रहा है। 22 अक्टूबर तक चलेगा संवाद कार्यक्रम रेलवे प्रशासन की यह विशेष मुहिम आगामी 22 अक्टूबर तक क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर जारी रहेगी। इस दौरान यात्रियों को अपने सुझाव और समस्याएं सीधे जिम्मेदार अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा। रेलवे की इस पहल को यात्री सुविधाओं में सुधार और शिकायतों के त्वरित निस्तारण की दिशा में एक प्रभावी कदम माना जा रहा है।

रेलवे स्टेशनों पर 'रेल जन संवाद' कार्यक्रम आयोजित

बनमनखी पूर्णिया (आससे)। रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता से संबंधित विशेष अभियान-06 के अंतर्गत जानकीनगर रेलवे स्टेशनों पर एक दिवसीय 'रेल जन संवाद' का आयोजन किया जाएगा.रेल संवाद कार्यक्रम समारोह का नेतृत्व यातायात निरीक्षक सहरसा संजीव मणि चौधरी ने किया.इस पहल का उद्देश्य यात्रियों से सीधा संवाद स्थापित कर रेलवे परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाना तथा बेहतर यात्री सुविधा के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है.इस अभियान के तहत पूर्व मध्य रेल के सभी प्रमुख एवं अन्य स्टेशनों पर रेल जन संवाद आयोजित किया जाएगा। संवाद के दौरान यात्रियों, युवाओं एवं अन्य हितधारकों स्वच्छ रेल एवं बेहतर यात्री सुविधाओं जैसे टिकटिंग, कैटरिंग आदि से संबंधित सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किए जाएंगे तथा शिकायतों एवं फीडबैक को संकलित कर उनकी समीक्षा की जाएगी और उनके समाधान के लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही यात्रियों को कूड़ा निर्धारित डस्टबिन में डालने, प्लास्टिक कचरे का उचित निस्तारण करने तथा रेलवे परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

शिकायतों एवं फीडबैक को उनके स्वरूप के अनुसार तीन श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा – अल्पकालिक समस्याएं, जिनका त्वरित समाधान संभव है; मध्यम अवधि की समस्याएं, जिनके लिए संबंधित विभागों के समन्वय एवं नियोजित कार्रवाई की आवश्यकता है; तथा दीर्घकालिक समस्याएं, जिनके समाधान के लिए नीतिगत निर्णय, विस्तृत योजना अथवा उच्चाधिकारियों की स्वीकृति आवश्यक होगी। अभियान की प्रभावी निगरानी एवं सफल क्रियान्वयन के लिए मुख्यालय, मंडल एवं संबंधित इकाइयों के स्तर पर नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। प्रमुख स्टेशनों पर वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में तथा अन्य स्टेशनों पर संबंधित शाखा अधिकारियों एवं स्टेशन प्रबंधकों के माध्यम से अभियान का संचालन और अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

पूर्व मध्य रेल यात्रियों से अपील करता है कि वे रेल जन संवाद में सक्रिय में भागीदारी निभाएं तथा बेहतर यात्री सुविधाओं से जुड़े अपने सुझाव साझा करें। यात्रियों एवं रेलकर्मियों के सामूहिक प्रयासों से ही रेलवे परिसरों को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सकता है। इस पहल से यात्रियों की समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने, रेलवे की सेवाओं में निरंतर सुधार लाने तथा यात्री संतुष्टि बढ़ाने में सहायता मिलेगी। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार राय ने जानकीनगर रेलवे स्टेशन अधीक्षक राजीव कुमार को 18626/18625 कोशी एक्सप्रेस,13205/13206 जनहित एक्सप्रेस,14617/14618 जनसेवा एक्सप्रेस,13169/13170 हाटे-बजारे एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव दो मिनट जानकीनगर रेलवे स्टेशन पर करने की मांगों को रखा.तथा जानकीनगर रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म के दक्षिण ओर रेल यात्रियों के लिए वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने और रामाशंकर साह के घर से टिकट बुकिंग काउंटर तक एवं टिकट बुकिंग काउंटर से गेट संख्या -52 तक सड़क निर्माण अभिलंब कराने की मांग रखा.तथा वेटिंग रूम का पिछले एक साल निर्माणाधीन कार्य अबतक पूरा नहीं हो सका है यथाशीघ्र पूरा करवाने की मांगों को रखा।

इस मौके पर स्टेशन मास्टर आषुतोष कुमार, निर्मल कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रेमशंकर भगत,नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश पासवान, उपमुख्य पार्षद सुनील रजक, मनोज कुमार भूषण, पूर्व मुखिया वीरेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजीव यादव, सासंद प्रतिनिधि रणजीत कुमार उर्फ चुन्ना यादव,डा.अहमद आलम, अभिषेक आनंद, योगेन्द्र राम, मुखिया रामकृष्ण मानस उफ बोलबम सिंह, सुबोध साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।



मां दुर्गा की भावभीनी विदाई, नम आंखों से भक्तों ने कहा- अगले बरस फिर आना

गाजे-बाजे और जयकारों के बीच प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन, नौ दिवसीय नवरात्र का समापन

अररिया। शारदीय नवरात्र के नौ दिवसीय अनुष्ठान और भक्ति पर्व के समापन पर बुधवार को भरगामा प्रखंड क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और मां के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराया। इसके बाद सहायक नहर स्थित पोखर में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। मां की विदाई के समय श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। भक्तों ने अगले वर्ष फिर आने की प्रार्थना के साथ मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी।

प्रतिमा विसर्जन के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। युवा मां के जयकारे लगाते हुए भक्ति गीतों की धुन पर झूमते नजर आए। वहीं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी नम आंखों से मां को विदाई दी। नौ दिनों तक पूजा-अर्चना, आरती और भक्ति कार्यक्रमों में शामिल रहे श्रद्धालुओं के लिए विदाई का क्षण भावुक करने वाला रहा।

विसर्जन के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। बीडीओ केशव कुमार राय, अंचलाधिकारी पूजा कुमारी, प्रभारी थानाध्यक्ष सोनू कुमार, एसआई गुड्डू कुमार और एसआई रंजना गुप्ता सहित सशस्त्र बल के जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिसकर्मी पूरे आयोजन के दौरान सतर्क रहे, ताकि विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

एम्पीयर ने नये एक्सपीरियंस सेंटर के साथ बिहार में मौजूदगी बढ़ायी

कटिहार। एम्पीयर ने जमुई में अपनी रिटेल और सर्विस मौजूदगी को मजबूत बनाते हुए सतगामा पर अपने नए स्टोर द सिटी ई-मोशन का उद्घाटन किया। एम्पीयर का नया एक्सपीरियंस सेंटर ग्राहकों को एक ही छत के नीचे सेल्स और सर्विस का संपूर्ण अनुभव प्रदान करेगा, तथा क्षेत्र के ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को और अधिक आसान एवं सुविधाजनक बनाएगा। नया एक्सपीरियंस सेंटर एम्पीयर के इलेक्ट्रिक स्कूटर पोर्टफोलियो का प्रदर्शन करेगा, जिसे मोबिलिटी की विभिन्न जरूरतों और विभिन्न प्रकार ग्राहकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस पोर्टफोलियो में सबसे खास है 5 किलोवॉट की नई दमदार मोटर वाला एम्पीयर नेक्सस ए+, जिसने भारत के सबसे मुश्किल रास्तों पर अपनी परफॉर्मेंस से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए हैं। परिवारों और मूल्य के प्रति सजग ग्राहकों के लिए पेश किया गया मैग्नस जीमैक्स रोजमर्रा की जरूरतों, कनेक्टेड टेक्नोलॉजी और किफायती दाम का बेहतरीन संयोजन है। वहीं मैग्नस नियो को रोजमर्रा की राइड को आरामदायक बनाने के लिए और लुक को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसके अलावा युवा राइडरों, खासतौर पर स्कूल-कॉलेज छात्रों के लिए हाल ही में लॉन्च हुआ एम्पीयर रियो वीवाईबी भी पोर्टफोलियो में शामिल किया गया है।

बिहार सरकार

समाहरणालय, बक्सर
(जिला भू-अर्जन कार्यालय)
आम सूचना

राष्ट्रीय उच्च पथ सं०-120 (बिक्रमगंज-डुमरॉव) परियोजना से संबंधित सभी मौजों के हितबद्ध रैयतों से मुआवजा भुगतान संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु पूर्व में निम्नांकित तिथियों में कैम्प का आयोजन किया गया है :-

क्र॰	परियोजना का नाम	कैम्प की तिथि	कैम्प की अवधि (दिन में)	कैम्प स्थल	अभ्युक्ति
1.	राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120	25.11.2024 से 27.11.2024 तक	3	प्रखंड कार्यालय, डुमरॉव	
2.	राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120	06.03.2024	1	प्रखंड कार्यालय, डुमरॉव	
3.	राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120	02.01.2026 से 03.01.2026 तक	2	प्रखंड कार्यालय, डुमरॉव	
			6 दिन		

इस परियोजना के हितबद्ध रैयतों को मुआवजा भुगतान प्राप्त करने हेतु तीसरी एवं अंतिम बार नोटिस भी निर्गत किया गया है, परन्तु अधिकांश हितबद्ध रैयतों द्वारा भुगतान हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जमा नहीं किया गया है।

इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वैसे हितबद्ध रैयत जो अभी तक भुगतान प्राप्ति हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जमा नहीं किये है दिनांक 26.10.2026 तक जिला भू-अर्जन कार्यालय, बक्सर में देना सुनिश्चित किया जाय। इस तिथि के बाद भुगतान संबंधित अभिलेख/राशि माननीय व्यवहार न्यायालय, बक्सर को संदर्भित कर दी जायेगी। इसमें अतिरिक्त सूद की राशि देय नहीं होगी।

समाहर्ता, बक्सर

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.013924 (Revenue) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

परियोजना निदेशक (असैनिक) का कार्यालय
बुडको, भागलपुर
Email Id-piubhagalpur.buidco@gmail.com
CSC Building, WTP Barari, 812003
अति अल्पकालीन ई0 पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)
निविदा संख्या :-24/2025-26

1 विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।
2 निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक-22.10.2026
3 परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक-30.10.2026 से दिनांक-02.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
4 प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान : दिनांक-31.10.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न। स्थान- कार्यालय कक्ष, परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।
5 संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक-03.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि : दिनांक-04.11.2026 के पूर्वाह्न् 11:00 बजे के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
7 वित्तीय बीड खोलने की तिथि : तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
8 कार्य का विवरण:-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing Fee (Through online payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
	नगर निगम, भागलपुर					
1	भागलपुर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0-36 में डिक्सन मोड़ से अदमुत हनुमान मंदिर तक सड़क एवं नाला का निर्माण कार्य।	1,68,45,500.00	3,37,000.00	17,700.00	Eproc2 पर निर्धारित राशि के अनुसार	08 माह

नोटः- Bidders should submit Bid Processing fee through online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in
निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
परियोजना निदेशक
PR- 014047 (B & C) 2026-27 बुडको, भागलपुर
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गोपालगंज
निविदा आमंत्रण सूचना
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-
19/OT/BCD/GOPALGANJ/2026-27

1 विज्ञापनदाता का पदनाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गोपालगंज।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक 30.10.2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक।
3 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 31.10.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 31.10.2026 को अपराह्न 03:30 बजे तक।
5 परिमाण विपत्र की बिक्री एवं निविदा प्राप्ति का स्थान :- 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, छपरा। 2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, गोपालगंज 3. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल गोपालगंज/मीरगंज।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान :- क्रमांक 05 के अनुसार।
7. निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने अथवा किसी कार्य को एक से अधिक निविदादाताओं में बॉटने का अधिकार या किसी ग्रुप की निविदा रद्द करने का अधिकार सक्षम पदाधिकारी को सुरक्षित होगा।
8. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन एवं परिमाण विपत्र का मूल्य देय होगा।
कार्य की विवरणी :-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Renovation of DDC Steno Chambar at collectriate Building Gopalganj. FY 2026-27	115800	2400	500	15 दिन
2	APP (Atactic Polypropylene Polymer) work on Terrace of DCLR Office Building, Gopalganj. FY 2026-27	293400	5900	750	07 दिन
3	Installation of Tiles in Kitchen Ward in Campus of Dist. Jail Chanawe Gopalganj FY 2026-27	135000	2700	500	15 दिन
4	Roof Treatment of Kitchen Ward in Campus of Dist. Jail Chanawe Gopalganj FY 2026-27	225000	4500	500	15 दिन
5	Installation of Submersible Pump (02 Units) in Campus of Dist. Jail Chanawe & other Administrative Building, Gopalganj FY 2026-27	304000	6100	750	07 दिन
6	Internal Repair/Painting of A-Type Quarter (A-10) at Block Colony Gopalganj FY 2026-27	86200	1800	500	15 दिन
7	Internal Repair/Painting of B-Type Quarter (B-15) at Block Colony Gopalganj FY 2026-27	85200	1800	500	15 दिन
8	Repair and Painting of Boundary Wall of Old Campus Civil Court Gopalganj. FY 2026-27	176300	3600	500	15 दिन
9	Renovation of Septic Tank Soak Pit in Old Campus Civil Court Gopalganj. FY 2026-27	84900	1700	500	15 दिन
10	Concertina Work at Boundary Wall of 520 Bedded +2 High School Bankatiya, Block Panchdeori, Gopalganj FY 2026-27	476900	9600	750	30 दिन

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है। कार्यपालक अभियंता,
PR- 014045 (BCD) 2026-27 भवन प्रमंडल, गोपालगंज
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार
परियोजना निदेशक (असैनिक) का कार्यालय
बुडको, भागलपुर
Email Id-piubhagalpur.buidco@gmail.com, CSC Building, WTP Barari, 812003
अति अल्पकालीन ई0 पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)
निविदा संख्याः-25/2025-26

1 विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।
2 निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक-22.10.2026
3 प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान : दिनांक-31.10.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न। स्थान- कार्यालय कक्ष, परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।
4 परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक-30.10.2026 से दिनांक-02.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
5 संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक-03.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि : दिनांक-04.11.2026 के पूर्वाह्न् 11:00 बजे के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
7 वित्तीय बीड खोलने की तिथि : तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
8 कार्य का विवरणः-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing Fee (Through online payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
	नगर निगम, भागलपुर					
1	भागलपुर नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत कटहलवाड़ी वार्ड नं0-24 में संजय यादव के घर से सी0आई0डी0 ऑफिस होते हुए अनिल तिवारी के घर तक नाला का निर्माण कार्य।	54,22,600.00	1,08,500.00	11,800.00	Eproc2 पर निर्धारित राशि के अनुसार	03 माह

नोटः- Bidders should submit Bid Processing fee through online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है। परियोजना निदेशक,
PR. No. 014050 (B&C) 2026-27 बुडको, भागलपुर
सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।